हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद
Export Promotion Council for Handicrafts

**EPCH PRESS RELEASE**

# SHRI RAKESH KUMAR CONFERRED WITH DOCTORATE BY CHIEF MINISTER OF UTTAR PRADESH, YOGI ADITYA NATH

## CM MAKES SPECIAL MENTION OF SHRI KUMAR'S WORK IN HANDICRAFTS SECTOR AND CONTRIBUTION TO TRADE PROMOTION

**Moradabad, March 17, 2023** - Hon'ble Chief Minister of UP, Shri Yogi Aditya Nath conferred the Honorary Doctorate to Shri Rakesh Kumar, Director General-EPCH and Chairman-IEML during a convocation ceremony of Teerthanker Mahabeer University held at Moradabad, Uttar Pradesh.

In his address, during the convocation, Hon'ble Chief Minister specifically mentioned the work done by him in various districts of UP for promotion of exports of handicrafts as well as through the India Exposition Mart, Greater Noida. The Chief Minister has emphasized the importance of creating export hubs in every district of UP and has requested him to provide his services for the development of growth in other districts of UP, with the aim of achieving the kind of growth seen in Moradabad.

Speaking on the occasion, Dr Rakesh Kumar said, "I am deeply humbled by this recognition from the academic world and it is a great honour for me to receive this prestigious doctorate degree from the hands of Hon'ble Chief Minister of UP, Shri Yogi Aditya Nath Ji. This honour bestowed upon me would invigorate me further to keep working towards the promotion of handicrafts sector.

Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman EPCH said that, Dr. Kumar has been instrumental in advancing the cause of Indian handicrafts both within the country and overseas. Under his leadership, EPCH has played a crucial role in facilitating the growth of the handicraft sector in India, ensuring that the artisans and craftsmen receive the recognition and support they deserve. He has been actively working towards the development and promotion of the handicraft sector for more than three decades.

The world famous IHGF Delhi Fair is being currently held at Greater Noida till 19th March, 2023 at India Expo Centre & Mart and as the news was received by the exporters at the fair, they were thrilled and jubilant and send congratulatory messages across. Shri Avdesh Agarwal, General Secretary, Moradabad Handicrafts Associations and its members pecially congratulated Dr. Rakesh Kumar. Shri Neeraj Khanna, National Chairman, YES, Shri Rohit Dhall, Chairman and Shri Puneet Arya, General Secretary YES-Moradabad have also congratulated Dr. Kumar on the occasion.

EPCH congratulates Dr. Rakesh Kumar on this well-deserved recognition and is proud to have him as its Director General. His contributions to the handicraft sector in India will continue to inspire generations to come, informed by Shri R.K. Verma, Executive Director-EPCH

---

**For more information, please contact**:
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH - +91-9810697868

**ईपीसीएच प्रेस विज्ञप्ति**

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा श्री राकेश कुमार को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करना

### माननीय मुख्यमंत्री जी ने हस्तशिल्प क्षेत्र में श्री राकेश कुमार के कार्यों तथा व्यापार संवर्धन में उनके योगदान का अपने सम्बोधन में विशेष उल्लेख किया

**मुरादाबाद, 17 मार्च, 2023** – उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, श्री योगी आदित्य नाथ ने मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश में आयोजित तीर्थंकर महाबीर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान श्री राकेश कुमार, महानिदेशक-ईपीसीएच और अध्यक्ष-आईईएमएल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

दीक्षांत समारोह के दौरान अपने संबोधन में माननीय मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने के साथ-साथ इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में उनके द्वारा किए गए कार्यों का विशेष रूप से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के हर जिले में एक्सपोर्ट हब बनाने के महत्व पर जोर दिया और मुरादाबाद में किए गए विकास कार्यों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी विकास के लिए उन्हे अपनी सेवाएं देने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "मैं अकादमिक दुनिया के इस सम्मान से बहुत अभिभूत हूं और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, श्री योगी आदित्य नाथ जी के हाथों से इस प्रतिष्ठित डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे दिया गया यह सम्मान मुझे हस्तशिल्प क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री राज कुमार मल्होत्रा ने कहा कि डॉ. कुमार देश और विदेश दोनों में भारतीय हस्तशिल्प को आगे बढ़ाने में सहायक रहे हैं। उनके नेतृत्व में, ईपीसीएच ने भारत में हस्तशिल्प क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह सुनिश्चित किया कि कारीगरों और शिल्पकारों को वह पहचान और समर्थन मिले जिसके वे हकदार हैं। वह तीन दशकों से भी अधिक समय से हस्तशिल्प क्षेत्र के विकास और संवर्धन की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

विश्व प्रसिद्ध IHGF दिल्ली मेला वर्तमान में ग्रेटर नोएडा में 19 मार्च, 2023 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जा रहा है और जैसे ही मेले में निर्यातकों द्वारा यह समाचार प्राप्त किया गया, वे रोमांचित और प्रसन्न हो गए और उन्होंने अनेक बधाई संदेश भेजे। श्री अवधेश अग्रवाल, महासचिव, मुरादाबाद हस्तशिल्प संघ और इसके सदस्यों ने डॉ. राकेश कुमार को विशेष रूप से बधाई दी। श्री नीरज खन्ना, राष्ट्रीय अध्यक्ष, YES, श्री रोहित ढल, अध्यक्ष और श्री पुनीत आर्य, महासचिव YES-मुरादाबाद ने भी इस उपलब्धि पर डॉ. कुमार को बधाई दी।

ईपीसीएच ने डॉ. राकेश कुमार को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई दी और वे उन्हें महानिदेशक के रूप में पाकर गौरवान्वित है। श्री आर.के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक-ईपीसीएच ने कहा कि भारत में हस्तशिल्प क्षेत्र में उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

---

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें**:
श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच - +91-9810697868







**Photo 1 and 2 Chief Minister of UP confers Doctorate on Shri Rakesh Kumar, Director General – EPCH and Chairman-IEML**